Schedule XLII-High Court (J) 19 [Old

**अनुमन्डल न्यायालय-असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि)बनमनखी,पूर्णिया बिहार**

स्वत्व वाद सं.-54/21

सी.आई.एस.क्र.-54/21

बिंदेश्वरी भगत एवं अन्य बनाम मुकेश कुमार भगत एवम अन्य

| Order date | Order with signature of the Court | Office action taken |
|---|---|---|
| 16 /08/24 | वादी एवं प्रतिवादी गण की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है\| यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन दिनांक 3 जुलाई 2024 पर आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन को संचालित कर वादी के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा समर्पित किया गया है कि वादी की ओर से दिनांक 19 जनवरी 2022 को विक्रय पत्र क्रमांक 1228/21 दिनांक 5 फरवरी 2021 की प्रमाणित प्रति तथा दिनांक 3 जुलाई 2024 को खाता संख्या 185 एवं 186 रकबा 4 डिसमिल की ऑनलाइन रसीद दिनांक 8 अप्रैल 2022 एवं खाता संख्या 185 रकबा 2 डिसमिल की ऑनलाइन रसीद दिनांक 3 जनवरी 2021 तथा खाता संख्या 185 रकबा 1. 25 डेसिमल दिनांक 3 जनवरी 2021की ऑनलाइन लगान रसीद एवं सूचनात्मक आवेदनदिनांक 11 अक्टूबर 2021 की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया गया है। आता विनम्र निवेदन है कि उक्त दस्तावेज को वादी की ओर सेप्रदर्शन अंकित करने की कृपा की जाय \|<br>प्रतिवादी की ओर से उक्त आवेदन पर मौखिक आपत्ति व्यक्त किया गया है\|<br>उभय पक्ष को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया अभिलेख के अवलोकन से प्रतीत होता है कि वादी के द्वारा उक्त दस्तावेज पूर्व में प्रस्तुत किया गया है जिसमें से सूचनात्मक आवेदन के सिवाय अन्य सभी दस्तावेज लोक दस्तावेज की प्रमाणित प्रति एवं ऑनलाइन प्रति हैं \| अत : वादी के उक्त आवेदन को स्वीकृत कर उक्त दस्तावेज को क्रमशः प्रदर्श 2, 3, 3/a एवं 3/b अंकित किये जाने का आदेश दिया जाता है \| वादी को निर्देश दिया जाता है कि वह सूचनात्मक आवेदन को औपचारिक साक्ष्य से प्रमाणित करे \|<br>वाद दिनांक 16/08/24 को वादी साक्ष्य हेतु नियत के अंतर्गत नियत \|<br><br>लेखापित-<br><br>असैनिक न्यायाधीश(व.को.)<br>बनमनखी, पूर्णिया | |